आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरूवार 29.05.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– मेक–इन–इंडिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।
- ''मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना'' से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा।
- राजभवन नैनीताल में 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट कल से शुरू होगा।

**रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी, तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी।

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का श्रेय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को दिया। उन्होंने कहा कि भारत, जापान जैसी उच्च तकनीकी विनिर्माण, इंजीनियरिंग और भविष्य की तकनीकों के लिए विकास केंद्र बन सकता है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरानकृषि वैज्ञानिक और अधिकारी राज्य के 95 विकासखंडों, 670 न्याय पंचायतों और 11 हजार 440 गाँवों में किसानों से संवाद करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से किसानों को उनकी भूमि, जलवायु और ज़रूरत के अनुसार उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने के साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर लाभकारी फसलों के चयन के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, कृषि, पशुपालन, बागवानी जैसी योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस अभियान के तहत किसानों को नई तकनीकी और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और सरकार  किसानों के साथ सीधे संवाद करेगी।

## भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस नीति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। जितने भी अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उन पर विजिलेंस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए 1064 नंबर जारी किया है, जिस पर लोग अपनी शिकायत दर्ज कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर विजिलेंस की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले एक महीने में विजिलेंस ने चार लोगों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। जबकि अभी तक कई लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।

## मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि ''मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना'' से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और स्वरोजगार से जुड़ी अन्य योजनाओं को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने विकासखण्डों में विशेष शिविरों के आयोजन किए जाएंगे। साथ ही सौर प्लांटों के रख–रखाव के लिए प्रत्येक जिले में लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। आज मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के विकासकर्ताओं के साथ मुख्य सेवक संवाद कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में 250 मेगावाट का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। इस योजना को और विस्तार देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई सौर ऊर्जा नीति भी लागू की है। वर्ष 2027 तक 2500 मेगावाट सोलर क्षमता का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने और स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है।

## गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट

राजभवन नैनीताल में 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट कल से एक जून तक आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन नैनीताल में आयोजित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फर द्वारा पंजीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष छह वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं, युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के प्रति प्रतिभागियों में लगातार उत्साह बढ़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ के माध्यम से स्कूली बच्चों को खेलों से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। हाल ही में इंटर स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बेटियों सहित कई स्कूलों के छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

**पौधरोपण अभियान**

जिला निवार्चन कार्यालय चमोली की ओर से पांच जून से 25 जूलाई तक 592 मतदान बूथों पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। आज अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम का रोस्टर तैयार करने और कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। इसके अलावा वन विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों को जिले की जलवायु के अनुरूप पौधों की उपलब्धता को देखते हुए पौध वितरण की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। पौधरोपण अभियान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, तहसील परिसर, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और 592 मतदान बूथों पर पौधों का रोपण किया जाएगा।